ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 20 | पाक्षिक | अजमेर, 01 अक्टूबर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## प्रधानमंत्री मोदी का विपक्ष पर हमलाः GST कम होने पर महंगाई बढ़ाने का आरोप



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर बीजेपी के नए कार्यालय का उद्घाटन करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष कहता कुछ और है और करता कुछ उल्टा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की हिमाचल सरकार पर आरोप लगाया कि जब केंद्र ने GST घटाई, तो हिमाचल में सीमेंट की कीमतें बढ़ा दी गईं और जनता को मिलने वाली राहत रोक दी गई।पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। GST रिफंड का लाभ आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर दुकान पर बड़े बोर्ड पर "स्वदेशी" लिखवाने और भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री ने यह भी जोर दिया कि देश के त्योहार भारतीयता और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाए जाएं। उन्होंने बताया कि विदेशों में दिवाली उत्सव की रोशनी देखकर भारतवासियों को गर्व होता है, और हमें अपने देश में भी हर राज्य के प्रमुख त्योहारों को समान उत्साह के साथ मनाना चाहिए।

## राहुल गांधी की खामोशी पर बीजेपी का हमला, आसिम मुनीर का सबसे अच्छा दोस्त बताया









**नई दिल्ली।** बीजेपी ने एशिया कप में भारत की जीत के बाद कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर का सबसे अच्छा दोस्त बताया और कहा कि कांग्रेस हमेशा भारत के हित के खिलाफ है। प्रदीप भंडारी ने कहा, "राहुल गांधी ने अभी तक भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान को हराने के लिए बधाई नहीं दी। ऑपरेशन सिंदूर में कांग्रेस पाकिस्तान के साथ खड़ी थी। ऑपरेशन तिलक में भी कांग्रेस पाकिस्तान के साथ खड़ी है। कांग्रेस पाकिस्तान की बी-टीम है।" बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाने में राष्ट्र के साथ नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर एक भी पोस्ट नहीं आई जिसमें टीम इंडिया को टूर्नामेंट जीतने के लिए बधाई दी गई हो। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने कहा, "मैं ऐसा मैच देखने से इनकार करती हूं जिसका पैसा मेरे सैनिकों के खून से बना हो। देश और सरकार ने कहा कि हम कोई व्यापार, फिल्म या क्रिकेट नहीं करेंगे। फिर पाकिस्तान के साथ मैच क्यों खेला गया?" टीम इंडिया ने रविवार रात पाकिस्तान को हराकर पांच विकेट से जीत दर्ज की।

## हरियाणा कांग्रेस में बड़ा फेरबदल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा फिर बने नेता विपक्ष



**नई दिल्ली।** हरियाणा में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा था। हार के लगभग एक साल बाद पार्टी ने राज्य संगठन में बदलाव किया है। राव नरेंद्र सिंह को राज्य कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधानसभा में नेता विपक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पद पहले उदयभान के पास था, लेकिन आंतरिक टकराव के चलते पार्टी लंबे समय तक किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही थी। अब राव नरेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। राव नरेंद्र सिंह तीन बार के विधायक रह चुके हैं और उन्होंने हुड्डा सरकार में मंत्री पद भी संभाला था। उन्होंने 1996 और 2000 में अटेली तथा 2009 में नारनौल से विधानसभा चुनाव जीते थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिछले 10 महीनों से खाली नेता विपक्ष के पद पर लौटे हैं। अधिकांश कांग्रेस विधायक हुड्डा के प्रति निष्ठा रखते थे, इसलिए पार्टी ने उन्हें नजरअंदाज करने से बचते हुए यह निर्णय लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कांग्रेस का यह कदम हरियाणा में जातीय समीकरण संतुलित करने और यादव समाज, पिछड़ा वर्ग व जाट समुदाय को साधने की कोशिश माना जा रहा है। पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन खराब रहा है। 2014 के बाद पार्टी सत्ता हासिल नहीं कर पाई। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को 5 सीटों पर सफलता मिली थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 90 में से 48 सीटें जीतकर सत्ता में फिर कब्जा किया।

## राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य नहीं - रामदास अठावले



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस का भविष्य नहीं है। उन्होंने वर्तमान राजनीति की भी तीखी आलोचना की और कहा कि आज की राजनीति पूरी तरह उल्टी हो गई है, जिसमें नीति और नैतिकता की कमी नजर आ रही है। अठावले ने कहा कि नेता एक-दूसरे पर आरोप लगाने में बहुत समय बर्बाद कर रहे हैं। बिहार और महाराष्ट्र में भी बहुत उल्टी-सीधी बातें होती रही हैं। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले राजनीतिक विवाद होते थे, लेकिन व्यक्तिगत विवाद सामने नहीं आते थे। राहुल गांधी को लेकर अठावले ने कहा कि वह आरोप लगाने में एक्सपर्ट बन गए हैं, लेकिन उनके आरोप कांग्रेस या देश के लिए कोई लाभ नहीं देते। अठावले ने कहा कि अगर राहुल गांधी सही बोलेंगे और नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तो आगे चलकर अच्छे नेता बन सकते हैं, लेकिन उनके अनुभव के अनुसार राहुल गांधी हमेशा झूठ बोलते रहे हैं और अधिक आरोप लगाते हैं। अठावले ने कहा कि नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाने के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व व्यक्तिगत स्तर पर कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे पार्टी को कोई फायदा नहीं हो रहा। साथ ही, अठावले ने मराठावाड़ा में अन्नदाताओं की मुश्किलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सभी नेता स्थिति का आकलन कर रहे हैं, लेकिन कलाकार, व्यापारियों और उद्योग जगत की मदद उतनी नहीं दिख रही जितनी उम्मीद थी। अठावले ने अपील की कि राजनीति से जुड़े लोग ही नहीं, हर क्षेत्र के लोग मिलकर अन्नदाताओं की मदद करें।

## अजमेर में भक्ति की लहर, नवरात्र की अष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब

### माता पदमावती मंदिर में मनोकामनापूर्ण रोग निवारक महाआरती से भक्त हुए भावविभोर





आगाज की आवाज
aagaj ki aawaj.com | ओमप्रकाश नाजवानी

**अजमेर।** फॉयसागर रोड स्थित माता पदमावती मंदिर में नवरात्र महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मंगलवार, 30 सितंबर की रात अष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में "मनोकामनापूर्ण रोग निवारक विशेष महाआरती" का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर समिति के अनुसार इस विशेष महाआरती में शामिल होने से असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों को लाभ मिलता है। विशेष रूप से वे लोग जिन्हें दवाइयों से आराम नहीं मिलता तथा माइग्रेन से पीड़ित रोगियों को भी इस आरती से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। कई श्रद्धालु पूर्व में भी इस आरती से लाभान्वित हो चुके हैं। आयोजन का संचालन गुरु मां श्रीमती मोना जी (धर्मपत्नी स्व. राजेश जी जैन 'गुरुजी') के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान माता का भव्य श्रृंगार और गगनभेदी मंत्रोच्चारण ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रृंगार में दीया गुप्ता, मीना जिंदल, मन्नू सहित कई भक्तजनों का सहयोग रहा। इस कष्ट निवारक महाआरती में किशन खंडेलवाल, मनोज कुमार (किशनगढ़), सतीश टाक, किशन गुप्ता, रामूजी पहलवान, एवीएन श्रीमती अर्चना, श्रीमती पंकज लता, श्रीमती ज्योति, श्रीमती पुनम, जूली सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाआरती के साथ गुरु मां मोना देवी द्वारा माताजी का खजाना भी बांटा गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष अनुभव रहा। उपस्थित भक्तों का कहना था कि नवरात्र के पावन अवसर पर माता पदमावती की विशेष कृपा से इस आरती का महत्व और भी बढ़ गया। मंदिर समिति ने बताया कि अजमेर का यह एकमात्र मंदिर है, जहाँ भक्त स्वयं माता की आरती अपने हाथों से करते हैं। यही परंपरा इसे शहर के अन्य मंदिरों से अलग पहचान दिलाती है। समिति का मानना है कि ऐसे आयोजन श्रद्धालुओं के मनोबल को सशक्त करते हैं और उनकी भक्ति को और गहरा बनाते हैं।

सम्पादकीय

# भारत-रूस संबंध:

## परस्पर सम्मान और सहयोग की लंबी परंपरा

भारत और रूस के बीच हमेशा से पुराने और मजबूत मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। दोनों देशों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखी है। खास बात यह है कि रूस ने कभी भारत पर यह दबाव नहीं डाला कि वह किसी अन्य देश के साथ किस तरह के संबंध बनाए। इस संदर्भ में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का हालिया बयान बहुत मायने रखता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का रूस हमेशा सम्मान करता रहा है और भारत के किसी भी देश के साथ संबंधों को लेकर रूस को कभी चिंता नहीं हुई।दूसरी ओर, अमेरिका ने पिछले कुछ समय में आर्थिक और नीतिगत दबावों के जरिए भारत पर रूस से तेल खरीद को लेकर दबाव बनाने की कोशिश की। अमेरिका ने शुल्क लगाने और जुर्माने जैसी कई रणनीतियाँ अपनाईं ताकि भारत अपनी विदेश नीति में बदलाव करे। लेकिन भारत ने इस पर अपने हितों के आधार पर निर्णय लिया। उसने अपने राष्ट्रीय हितों और आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी और रूस से तेल खरीदारी जारी रखी। यह कदम भारत की कूटनीतिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता का स्पष्ट उदाहरण है। रूस ने हमेशा इस रुख का सम्मान किया और यह दिखाया कि वह भारत के निर्णयों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। लावरोव ने कहा कि भारत अपने फैसले स्वयं लेने में सक्षम है और रूस उसके राष्ट्रीय हितों तथा विदेश नीति का सम्मान करता है।भारत-रूस संबंध अब केवल पारंपरिक मित्रता तक सीमित नहीं रहे; इन्हें एक अहम रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखा जा रहा है। दिसंबर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, स्वास्थ्य और उच्च प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग को और मजबूती देने की संभावना है।इस प्रकार, वैश्विक परिस्थितियों और उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत और रूस के रिश्ते परस्पर सम्मान, सहयोग और साझा हितों पर आधारित हैं। रूसी विदेश मंत्री का बयान इसी भरोसे और सम्मान को रेखांकित करता है।

# एक अंगदाता से आठ जीवन सुरक्षित – रोटरी क्लब ने किया जागरूक





**अजमेर।** रोटरी इंटरनेशनल के प्रकल्प "बीमारी रोकथाम और बचाव" के अंतर्गत रोटरी क्लब अजमेर मिड्टाउन, रोटरी क्लब अजमेर एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में "अंगदान - महादान" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रोटेरियन राजेश मित्तल, संस्थापक अध्यक्ष रोटरी क्लब मंथन, नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय संयोजक रोटरी एक्शन ग्रुप ब्लड एंड ऑर्गन डोनेशन तथा डॉ. अनिल सामरिया, प्राचार्य एवं अधीक्षक, जवाहरलाल नेहरू अस्पताल, अजमेर ने अंगदान जैसे जीवन रक्षक अभियान की आवश्यकता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 रोटेरियन डॉ. निशा शेखावत ने की। वक्ताओं ने कहा कि अंगदान न केवल जीवन बचाने का सबसे बड़ा उपहार है, बल्कि समाज में सेवा, सहानुभूति और करुणा की सच्ची मिसाल भी है। विषय विशेषज्ञों का मानना था कि अंगदान करके आप कई लोगों के जीवन को बचा सकते हैं। एक व्यक्ति से प्राप्त हृदय, लिवर, किडनी, फेफड़े आदि से कम से कम आठ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे, अंगदान समिति के जिला संयोजक डॉ. श्याम भूतड़ा, डॉ. गोगराज गेहरवाल, उनकी टीम के सदस्य डॉ. पंकज सैनी, डॉ. कुलदीप जौनवाल ने प्राचार्य अनिल सामरिया के साथ मिलकर उपस्थित जनों के सवालों के जवाब दिए और आमजन में भ्रांति दूर करने का सेवा संकल्प दोहराया। क्लब के मीडिया प्रभारी रोटे गौरव गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित जनों ने क्लब सदस्यों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण कर अंगदान की शपथ भी ली और अंगदान जागरूकता अभियान में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। यह आयोजन मुकुंद गार्डन, आदर्श नगर, अजमेर में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रोटरी एवं इनर व्हील क्लब के सदस्यों के साथ राजीव तोषनीवाल, डॉ. संजय भार्गव, डॉ. लाल थदानी, डॉ. कुमकुम सिंह, डॉ. प्रेम चंदवानी, दीपक ब्रह्मवर, डॉ. मनीष शारदा, अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत रोटरी क्लब मिडटाउन अध्यक्ष रोटेरियन संजीव अग्रवाल ने किया और कार्यक्रम का संचालन क्लब सचिव डॉ. उमेश भार्गव ने किया। अंत में रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन शलभ अग्रवाल ने सभी आगंतुकों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# संत कंवरराम साहिब की 85वीं वर्सी मनाई एन के हेलीमेक्स में











**किशनगढ़।** एन के हेलिमेक्स होटल में अमर शहीद संत कंवरराम साहिब की 85वीं वर्सी का भव्य आयोजन किया गया। संत कंवरराम साहिब सिंधियों के सबसे बड़े संत थे। उनकी शहादत में हर वर्ष वर्सी का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत अजमेर के प्रेम प्रकाश आश्रम से श्रद्धेय संत रामप्रकाश और किशनगढ़ के महंत श्यामदास उदासी द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरती से की गई। इस अवसर पर किशनगढ़ सिंधी समाज के भीष्म पितामह माने जाने वाले स्वर्गीय मोहनदास हासानी को स्मृति चिह्न से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नानक राम खेमानी को सिंधु रत्न के खिताब से सम्मानित किया गया। साथ ही उपसभापति मनोहर तारानी और एडवोकेट प्रदीप चंदानी को समाज में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। देहली से आए कलाकार दीपक केवलरमानी ने भजनों की धूम से सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में समाज के भामाशाहों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजन में किशनगढ़, रूपनगढ़, अजमेर और मंदसौर से श्रद्धालु पधारे। कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के तत्वाधान में किया गया, जिसमें किशनगढ़ हाउसिंग बोर्ड पंचायत, पुराना शहर पंचायत और सेंट्रल पंचायत नवीन कार्यकारिणी का भरपूर सहयोग रहा। अंत में सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष किशोर मंगनानी और उपाध्यक्ष निर्मल कोडवानी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। मंच का सफल संचालन राजेश नारायणी और मनोज वरदानी (नोनी) द्वारा किया गया।

# उदयपुर-सिटी-चंडीगढ़ स्पेशल रेल सेवा का प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल शुभारंभ,

## सुरेश सिंह रावत ने अजमेर से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर पश्चिम रेलवे (अजमेर मंडल) की नई उदयपुर सिटी-चंडीगढ़-उदयपुर सिटी (गाड़ी संख्या 09671/09672) स्पेशल रेल सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद अजमेर रेलवे स्टेशन से जल संसाधन मंत्री और पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर इस विशेष रेल को रवाना किया। सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई यह नई रेल सेवा राजस्थान से चंडीगढ़ तक की यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाएगी। इससे न केवल यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा राजस्थान और उत्तर भारत के बीच आर्थिक व सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगी। अजमेर सहित पूरे क्षेत्र के लिए यह नई सौगात प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। रेलवे प्रशासन ने आश्वस्त किया कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अजमेर रेलवे स्टेशन पर माहौल उत्साहपूर्ण और ऐतिहासिक रहा। उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के लिए आभार प्रकट किया।इस अवसर पर अजमेर शहर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी सहित भाजपा के अनेक जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी, रेलवे प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# झूले, खेल और चटपटे व्यंजनों का आनंद लिया अग्र बंधुओं ने, एक मिनट प्रतियोगिता में दिखाया दमखम





**किशनगढ़।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल समाज संस्था, नवयुवक मंडल संस्था और अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन विहार में दोपहर को श्री अग्रसेन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि धीरज, सुमित अग्रवाल सलेमाबाद वाले ने महाराज अग्रसेन एवं कुलदेवी लक्ष्मी माता की आरती करके किया। मुख्य अतिथि का समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने माला पहनकर शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। मेले में अग्र बंधुओं ने छोटे झूले, ऊंट की सवारी का आनंद लिया, वहीं हाऊजी, रिंग, चकरी, घुड़ दौड़ आदि मनोरंजनात्मक खेल खेलकर चटपटे व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान जन्म से एक वर्ष तक तथा 1 वर्ष से 2 वर्ष तक शिशुओं के लिए स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज संस्था से कैलाश चंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, कमल किशोर मोर, सत्यस्वरूप अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सज्जन कुमार कनोडिया, श्रवण कुमार अग्रवाल, विजय गोयल, प्रो एस के बंसल, गोपाल गोयल, श्याम सुन्दर अग्रवाल नवयुवक मंडल से निशांत गर्ग, हर्ष बंसल, एडवोकेट प्रदीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, आयुष कामदार, जयंती संयोजक मंडल से अमित अग्रवाल, विनोद बंसल, रमाकांत अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जयेश कामदार, राधेश्याम गर्ग, अशोक गोयल, संजय अग्रवाल; महिला मंडल से हेमलता गर्ग, सीमा गोयल, मंजू गोयल, अनीता बानूडा, जूली गर्ग, इंदु अग्रवाल, ममता पोद्दार, अंजलि अग्रवाल के अलावा कृष्ण गोपाल गर्ग, पवन अग्रवाल, रामावतार अग्रवाल, शिवकुमार गोयल, मदन गोपाल अग्रवाल, लोकेश गोयल, सावर मल अग्रवाल, मूलचंद अग्रवाल, चंपालाल गोयल, नटवरलाल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनोज गोयल, प्रहलाद अग्रवाल, गौरव गोयल, धर्मचंद गोयल, संजय मित्तल, अविनाश गर्ग, प्रवीण अग्रवाल सहित अनेक अग्र बंधु मौजूद रहे। श्री अग्रसेन एक मिनट प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डॉ महेश मित्तल और डॉ सुनीता मित्तल ने महाराज अग्रसेन एवं कुलदेवी लक्ष्मी माता की आरती करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि का स्वागत अग्रवाल समाज, नवयुवक मंडल, महिला मंडल और जयंती संयोजक मंडल के पदाधिकारियों ने माला पहनकर शॉल ओढ़ाकर किया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से लेकर जनसाधारण स्तर तक बालक-बालिकाओं, महिलाओं और पुरुषों को एक मिनट में विभिन्न खेल खेलने का मौका दिया गया, जिसमें प्रतिभाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी क्षमता दिखाई। इस अवसर पर अग्रवाल समाज संस्था, नवयुवक मंडल, जयंती संयोजक मंडल और महिला मंडल के पदाधिकारी और अग्र बंधु उपस्थित रहे।

# किशनगढ़ को मिला रेल तोहफा, सुपरफास्ट एक्सप्रेस का पहला पड़ाव



**किशनगढ़।** मार्बल नगरी किशनगढ़ के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब उदयपुर-चंडीगढ़ द्विसाप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20989/20990) का पहली बार किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव हुआ। इस ठहराव की मंजूरी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री व अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की अनुशंसा और प्रयासों से मिली। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि गृहक्षेत्र किशनगढ़ औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस नए ठहराव से उद्योगपतियों, व्यापारियों और आम यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे महानगरों तक यहाँ के लोगों की रेल यात्रा और अधिक सहज हो जाएगी। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्टेशन परिसर में नागरिकों और संगठनों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा से ट्रेन का स्वागत किया। इस दौरान सभापति दिनेश सिंह राठौड़, किशनगोपाल दरगढ़, जगदीश कोठीवाल, राजेश चौधरी, किशन बंग, राज राव, सूर्यप्रताप चौधरी, पार्षद हिम्मत सिंह शेखावत, बबलू रावत, पृथ्वीसिंह, पार्षद प्रतिनिधि राजू शर्मा, ओम मीणा, जितेंद्र सिंह, अजित बंजारा, पूर्व पार्षद डीसी अग्रवाल, प्रह्लाद जांगिड़, विजय पंचोली, राजेन्द्र चौधरी, नरेन्द्र भाटी, वैभव मालोदिया सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन नागरिक उपस्थित रहे।

# शहरी सेवा शिविर में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया अवलोकन, लाभार्थी हुए लाभान्वित



**अजमेर।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत किशनगढ़ नगर परिषद द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर 2025 का बुधवार को उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अवलोकन किया। दिया कुमारी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल पर जाकर अधिकारियों और लाभार्थियों से संवाद किया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने शिविर की प्रगति और किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि शहरी क्षेत्र में निवासियों के कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। उन्होंने वित्तीय समावेशन और फ्लैगशिप योजनाओं से जुड़े कार्यों को भी शिविरों में शामिल करने पर जोर दिया। शिविर में विभिन्न लाभार्थियों को कृषि क्षेत्र के पट्टे वितरित किए गए। धारा 69-ए के अंतर्गत व्यक्तियों को दस्तावेज दिए गए। क्षत्रिय फूल माली पंचायत और ब्रह्म भट्ट राव समाज समिति के पदाधिकारियों को लंबे समय से लंबित पट्टे उपलब्ध कराए गए। व्यक्तिगत श्रेणी के पट्टे भी संबंधितों को सौंपे गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को 1.5-1.5 लाख रुपये के चैक दिए गए। लाडा देवी, अजय किराणीया, ओम प्रकाश और विदामी देवी चैक पाकर खुश नजर आए। मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत मंजु पंवार और तरुण साहू को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि मिली। लाडो प्रोत्साहन योजना के संकल्प पत्र अभिभावकों को प्रदान किए गए। शिविर में तीन बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाकर केक काटा गया। बालिकाओं का अन्नप्राशन संस्कार और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी उप मुख्यमंत्री ने की। उन्होंने नगर परिषद की महिला पार्षदों से भी विचार-विमर्श किया।इस अवसर पर नगर परिषद के सभापति दिनेश सिंह राठौड़, अध्यक्ष रमेश सोनी, उपखण्ड अधिकारी रजत यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रेसिडेंसी स्कूल में गरबे की धूम, शानदार आयोजन से खिला उत्सव



**अजमेर।** प्रेसिडेंसी स्कूल के प्रांगण में भव्य ग्रैंड गरबा नाइट का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर रंगीन रोशनी, सजावट और उमंगों से सराबोर था। यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन का मंच नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने का भी एक सुंदर अवसर बना। इस कार्यक्रम में जज की भूमिका जैन महिला महासमिति की ओर से मंत्री उषा जैन, उपमंत्री बीना झनाजरी, वुमनिया अध्यक्ष रुचिका असावा और सना छुटवानी ने निभाई। इन सभी अतिथि गण ने कार्यक्रम की भव्यता की सराहना की और बच्चों की प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति से हुई, जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने अभिनय कौशल से दर्शकों का मन मोह लिया। बाल कलाकारों ने राम, सीता, लक्ष्मण और रावण के किरदार को जीवंत कर दिया। अंत में रावण का विशालकाय पुतला जलाया गया, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जब आग की लपटों के साथ रावण का पुतला धधक उठा तो पूरे मैदान में "जय श्रीराम" के जयघोष गूंज उठे। तदोपरांत विद्यालय द्वारा बेबी शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें बच्चों ने अपनी मासूमियत और आकर्षक अदाओं से सबका मन मोह लिया। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी और माता-पिता ने भी इस आयोजन को यादगार बताया। गरबा नाइट का सबसे खास आकर्षण गरबा प्रतियोगिता रही। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने तालबद्ध नृत्य से पांडाल को ऊर्जा और उल्लास से भर दिया। संगीत की धुनों पर गोल घेरे में घूमते हुए सभी ने गरबा नृत्य का आनंद लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की रचनात्मकता और जोश देखने योग्य था। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और अनेक प्रतिभागियों ने पुरस्कार भी हासिल किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न खाने के स्टॉल्स भी लगाए गए थे, जिनमें स्वादिष्ट और लजीज व्यंजनों का समावेश था। दर्शकों और अतिथियों ने व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया और सभी ने आकर आयोजन की रौनक को और बढ़ा दिया। विद्यालय के चेयरमैन जी. एस. सिंघवी का मानना है कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ाते हैं। डायरेक्टर गरिमा सिंघवी का कहना है कि ऐसे मंच बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। प्राचार्य ए. पी. शर्मा का मानना है कि यह आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बच्चों तक पहुँचाने का माध्यम है।

## अखिल भारतीय गौड ब्राह्मण समिति ने केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**किशनगढ़।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड ब्राह्मण धर्मशाला समिति, पुष्कर के संरक्षक हनुमान प्रसाद शर्मा कांटावाले के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने हारित आश्रम पुष्कर के निर्माण कार्य एवं समस्याओं के संबंध में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन समिति अध्यक्ष पी.सी. शर्मा [पचौली], पूर्व जिला न्यायाधीश जे.पी. शर्मा एडवोकेट, संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद बापलावत, मूलचंद कोठोल्या, पुरुषोत्तम लाल पचोली, छीतरमल भोपलावत, राकेश शर्मा पूर्व नेता प्रतिपक्ष, बोहरा, सुनील पचोली, अखिलेश शर्मा सी.ए., हेमन्त पचोली, कैलाश पचोली, राजेश शर्मा पूर्व पार्षद, मोहन पचोली, अनूप शर्मा [साई मोटर्स] की उपस्थिति में दिया गया। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने तत्काल संबंधित विभाग में अधिकारियों से बात करते हुए अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटना रोकथाम पर हुई गहन चर्चा

**अजमेर।** जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने की। ज्योति ककवानी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कार्य योजनाओं पर समयबद्ध क्रियान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को प्रतिमाह आईआरएडी पोर्टल अनुसार दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुधार जैसे मीडियन कट बंद करना, चेतावनी संकेतक लगाना, सड़क की सतह का उन्नयन एवं सर्विस रोड निर्माण कार्य पूर्ण किए जाएं तथा सड़क पर अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित कार्यवाही की जाए। उन्होंने वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, फिटनेस जांच, अंडर रन प्रोटेक्शन डिवाइस लगाने और निराश्रित पशुओं को यातायात अवरोध से हटाकर कांजीभवन, गोशाला व नंदीशालाओं में रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित हों और विद्यार्थियों को हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग व नशे में वाहन नहीं चलाने जैसे नियमों की जानकारी दी जाए।

## सम्भागीय आयुक्त ने दिखाई हरी झंडी, राजकीय महिला चिकित्सालय में विकसित होंगी नई सुविधाएँ



**अजमेर।** राजकीय महिला चिकित्सालय की राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक सम्भागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में चिकित्सालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में चिकित्सालय के विकास और सुविधाओं के विस्तार से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। पूर्व बैठक के प्रस्तावों की क्रियान्विति की जानकारी अधीक्षक डॉ. पूर्णिमा पचौरी ने दी। बैठक में मरीजों के हित में 10 नवीन कॉटेज वार्ड निर्माण, 2 एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन, एक सामान्य वेंटिलेटर और एक ट्रांसपोर्ट वेंटिलेटर उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर गार्डन विकसित करने तथा इसे योजनाबद्ध और सस्टेनेबल मॉडल पर तैयार करने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा चिकित्सालय में सूचना प्रदर्शन एवं साईनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। ऑनलाईन कार्यों में वृद्धि के अनुरूप 200 मेगा बाइट्स प्रति सेकंड गति की नई इंटरनेट लीज लाइन स्थापित की जाएगी। बच्चेदानी की जांच के लिए हाइस्टोस्कोप भी क्रय किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ आचार्य डॉ. कान्ति यादव, डॉ. दीपाली जैन, उप अधीक्षक डॉ. आर. सी. यादव, सह आचार्य डॉ. संध्या चौधरी, सहायक लेखाधिकारी दिलीप सिंह नरूका, अधिशाषी अभियंता सुरेश मेघवंशी और जलदाय विभाग के सुनील बाकलीवाल उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने कहा, जीएसटी सुधारों का लाभ आमजन को मिलेगा



**अजमेर।** जिला प्रशासन एवं वाणिज्यिक कर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जीएसटी बचत उत्सव के संबंध में हितधारकों की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि जीएसटी काउंसिल द्वारा किए गए सुधारों का सीधा लाभ आमजन तक पहुँचे। लोक बन्धु ने कहा कि सरकार ने जीएसटी के कर ढांचे में कई सुधार किए हैं, जिससे दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। इसका लाभ गरीब, किसान, व्यापारी, उद्यमी एवं आमजन को मिलना चाहिए। इन सुधारों से सामान्य परिवारों में बचत बढ़ेगी और बाजार में व्यापार एवं व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। कर ढांचे के सरलीकरण से आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी दल के रूप में बाजारों में जाकर व्यापारियों को समझाइश देंगे और व्यापारिक संघों से भी चर्चा करेंगे ताकि घटे हुए जीएसटी दरों का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा सके। इसके साथ ही "शहर चलो" अभियान के शिविरों के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ाई जाएगी। बैठक में व्यापारिक संघों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य हितधारकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कलक्टर ने कहा कि 22 सितम्बर के बाद से सभी बिल घटाई गई जीएसटी दरों पर ही बनने चाहिए। अजमेर डेयरी ने भी अपने 23 उत्पादों के दाम नियमानुसार कम किए हैं। "हर घर बचत से हर मन खुशहाली" को केंद्र में रखकर 29 सितम्बर तक जीएसटी बचत उत्सव की गतिविधियों का आयोजन होगा।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़, वाणिज्यिक कर विभाग के उपायुक्त पूरण सिंह राठौड़, सीटीओ महराज अहमद, हरि किशन, घनश्याम सिंह कविया, चार्टर्ड अकाउंटेंट सी. एम. अग्रवाल, सुभाष बड़जात्या सहित सीए एसोसिएशन, टैक्स बार एसोसिएशन, किराणा संघ, फुटवियर संघ एवं अजमेर डेयरी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अजमेर में मनाया गया क्लीन-ग्रीन उत्सव



**अजमेर।** स्वच्छता ही सेवा के कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन गुरुवार को नाका मदार क्षेत्र में किया गया। नगर निगम के आयुक्त देशल दान ने बताया कि गुरुवार को स्वच्छोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान की कड़ी में नाका मदार शॉपिंग सेंटर के पास मधुबन पार्क में क्लीन ग्रीन उत्सव जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में मनाया गया। इसके अंतर्गत जिला कलक्टर द्वारा स्वच्छता की शपथ, रैली एवं झाड़ू लगा कर श्रमदान किया गया। उन्होंने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अंतर्गत नगर निगम सफाई कर्मचारियों को पीपीई किट का वितरण किया गया। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इन बच्चों को ड्राइंग किट का वितरण भी किया गया। राजस्थान की पहली महिला माउंट एवरेस्ट विजेता निवेदिता चौधरी स्क्वॉड्रन लीडर द्वारा बच्चों को उनकी अपनी संघर्ष गाथा बता कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि वेस्ट टू वंडर आइटम्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सीटीयू पॉइंट का रूपांतरण आमजन एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया गया। यहां सेल्फी वॉल स्थापित की गई। नगर निगम की महिला स्वच्छता सेनानियों के साथ डांडिया कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र पर एकत्र कपड़ों का संग्रहण एवं वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर लोक बन्धु द्वारा पेड़ लगाकर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का संदेश प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा स्वच्छता ही सेवा का संदेश प्रधानमंत्री के संदेश "एक घंटा, एक दिन, एक साथ" को पूरी तरह आत्मसात कर उसे जीवन में उत्सव एवं अंतर्मन के साथ संपन्न कर पूरे देश को स्वच्छ बनाने की दिशा में अजमेर नगर निगम द्वारा प्रयास किया गया। इस अवसर पर उप महापौर नीरज जैन, उपायुक्त अनिता चौधरी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अजमेर में बढ़ी रेल सुविधा, मिली डबल सौगात





**किशनगढ़ (अजमेर),** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी की अनुशंसा पर अजमेर संसदीय क्षेत्र को दो बड़ी रेल सुविधाएं मिली हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मदार (अजमेर) से दरभंगा (बिहार) तक नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की स्वीकृति प्रदान की है। इस नई सेवा से अजमेर और आसपास के यात्रियों को बिहार तक की सुगम, तेज और आरामदायक रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही उदयपुर-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20989/20990) का ठहराव अब अजमेर और किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर भी स्वीकृत किया गया है। यह निर्णय क्षेत्र के यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को बाँसवाड़ा से इस नई रेल सेवा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। भागीरथ चौधरी ने इस ऐतिहासिक स्वीकृति और सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का संसदीय क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री और रेल मंत्री की संवेदनशीलता एवं दूरदृष्टि का परिणाम है। इससे अजमेर संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को बिहार सहित उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों की यात्रा में सुविधा मिलेगी और किशनगढ़ जैसे औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र को विशेष लाभ होगा। भागीरथ चौधरी ने कहा कि अजमेर संसदीय क्षेत्र में लगातार रेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और "सबका साथ, सबका विकास" की भावना का सशक्त उदाहरण है।

# अजमेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम में रावत का संबोधन, जल और विकास परियोजनाओं पर दी जानकारी



**अजमेर।** जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के भीमराव अम्बेडकर सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की दिशा और दशा बदली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान को लाखों करोड़ की सौगातें मिली हैं। माही, नर्मदा, काली सिन्ध, पार्वती, सतलुज और रावी के पानी से शीघ्र ही मरू प्रदेश हरित प्रदेश बनेगा। रावत ने कहा कि अजमेर जिले की पेयजल के लिए बिसलपुर पर निर्भरता खत्म करने हेतु मोर सागर में अजमेर एवं ब्यावर जिले की आवश्यकता के दो वर्षों का जल संग्रहित रहेगा। रामसेतु जल परियोजना से 158 बांधों को जोड़ा जाएगा, जिससे प्रदेश की 40 प्रतिशत जनसंख्या लाभान्वित होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 245 करोड़ की ब्यावर, मसूदा, गोयला एसएच 26ए तथा 207 करोड़ के अरांई, सरवाड़ एसएच 7ई का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त 365 करोड़ की जल जीवन मिशन वृहद पेयजल परियोजना अरांई, सिलोरा तथा 4705 करोड़ के राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना) के अंतर्गत मोर सागर कृत्रिम रिजर्वायर का निर्माण और बीसलपुर से मोर सागर रिजर्वायर तक फीडर का शिलान्यास किया गया।जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवनियुक्त 418 कार्मिकों को वेलकम किट और नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें पशु परिचर 182, कनिष्ठ लिपिक 72, कनिष्ठ अनुदेशक 83, अध्यापक लेवल द्वितीय 27, छात्रावास अधीक्षक 5, कनिष्ठ अभियन्ता 44 और वरिष्ठ अध्यापक 5 शामिल हैं। इस अवसर पर विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, उप महापौर नीरज जैन, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर वन्दना खोरवाल, पशु पालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनिल घिया, रोजगार विभाग के उपनिदेशक मधुसूदन जोशी सहित नवनियुक्त कार्मिक, अभिभावक और अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1100 छात्र-छात्राओं ने लिया गुरु वंदन अभिनंदन में हिस्सा



**किशनगढ़।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा किशनगढ़ द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के 20वें और 21वें सोपान का आयोजन निजी प्रगति कॉलोनी स्थित राजा रेडी के दोनों स्कूलों में किया गया। कार्यक्रम में 1100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ युग पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं माँ भारती के चित्रपट्ट के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रगीत वंदेमातरम् का सामूहिक गायन परिषद सदस्यों, गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। शाला प्रिंसिपल एवं अकादमी डायरेक्टर ओपर्णा ओढ़ाकर ने श्रीफल भेंट कर 45 अध्यापक-अध्यापिकाओं को ओपर्णा ओढ़ाकर सम्मानित किया। परिषद सदस्यों का परिचय एवं मंच संचालन प्रकल्प प्रभारी गिरधारी अमरवानी ने किया। भारत विकास परिषद का संक्षिप्त परिचय सचिव भगवान स्वरुप वाहेती ने दिया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के बारे में जानकारी प्रभु दयाल कुमावत ने दी। साथ ही सर्वाइकल टीकाकरण (गर्भाशय कैंसर) से बचाव हेतु 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को आर.के. मार्बल के सहयोग से मार्बल सिटी हॉस्पिटल में लगाए जा रहे निःशुल्क शिविर के बारे में बताया। शिक्षकों का सम्मान उनके श्रेष्ठ परिणाम के आधार पर नमन साखला, किशन पूरी, अदिति पांडे, ख़ुशी शर्मा और राजेश शर्मा सहित अन्य को तिलक लगाकर, उपर्णा पहनाकर, ज्ञानवर्धक साहित्य एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। छात्र-छात्राओं का सम्मान कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर किया गया, जिनमें वागिशा पारीक, जहानवी शर्मा, शिक्षा प्रजापत, सूरज, तनवी, वंशिका, दीपेश गुर्जर, जतिन कुमावत, सबा फातिमा, चांदनी कुमारी, तक्षराज, प्रिमांशु, प्राची, अनिल चौधरी, निरंजन, लक्ष्य, गुंजन कंवर, अन्नू यादव, सुभाष, देवेंद्र, प्रियल वैष्णव, पलक यादव, हृदया जोशी शामिल रहे। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राधिका कंवर और किरण जाट को ओपर्णा ओढ़ाकर एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल अकादमी डायरेक्टर मीनू चतुर्वेदी और प्रिंसिपल संजय चतुर्वेदी ने परिषद का आभार व्यक्त किया। सचिव भगवान स्वरुप बाहेती ने विद्यालय प्रधानाचार्य एवं सभी को सुंदर व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को पदम जैन ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम की व्यवस्था मनीष शर्मा ने संभाली। समापन राष्ट्रगान जन गण मन के साथ हुआ।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी